भारतीय कपास निगम लि0

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Government of India Undertaking)
(Website : texmin.nic.in)

161-162, सेकेण्ड फलोर, केयर जोन प्लाजा
मेन सेक्टर,शास्त्रीनगर,भीलवाड़ा (राजस्थान) ।

161-162, 2nd Floor Care Zone Plaza
Main Sector,Shastri Nagar,Bhilwara (Rajasthan)
Tel No: 01482-251326 / 252766 Fax No : 01482 - 250506
Website: www.cotcorp.org.in. E-Mail: bhilwara@cotcorp.com

सूचना का अधिकार

क्रमांक/भाकनि/भील/विपणन/विक्रय/2018-19/ 30 जुलाई, 2019

<u>गांठों के भण्डारण हेतु प्राईवेट गोदाम किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना</u>

भारतीय कपास निगम लि0 शाखा कार्यालय,भीलवाड़ा द्वारा रूई की पूर्ण बंधित गांठों (F.P.Cotton bales) के भण्डारण हेतु प्राईवेट गोदामों को प्रति गांठ प्रति माह की दर से किराये पर लेने के लिये निम्नलिखित जिलों में स्थित प्रस्तावित केन्द्रों पर तथा अन्य निकटवर्ती स्थानों के लिये प्रतिष्ठित गोदाम मालिकों से गोदाम किराये पर लेने के लिये दो बिड प्रणाली (Two Bid System) में निविदा आमंत्रित करता है -

क्रमांक	जिला	केन्द्र का नाम
01	भीलवाड़ा	गंगापुर
02	अजमेर	बिजयनगर
		ब्यावर
03	नागौर	मेड़तासिटी
		नागौर
04	राजसमन्द	कुरज
05	चित्तौड़गढ़	कपासन
06	अलवर	खैरथल
		अलवर
07	जोधपुर	बिलाड़ा
		फलोदी
08	पाली	सुमेरपुर

इच्छुक पार्टियों द्वारा निविदा फार्म तथा नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में शाखा कार्यालय,भीलवाड़ा से प्रात: 10.00 बजे से साँय 5.00 बजे तक 112/- रूपये (जीएसटी सहित) का डिमाण्ड ड्राफट जो कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड, भीलवाड़ा के पक्ष में देय हो, देकर दिनांक 16.08.2019 को 12.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है । गोदाम किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना, निविदा फार्म तथा नियम एवं शर्तें निगम की वेबसाइट www.cotcorp.org.in तथा सरकारी वेबसाइट www.eprocure.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती हैं । वेबसाइट से डाऊनलोड करने पर रूपये 112/- (जीएसटी सहित) का डिमाण्ड ड्राफट जो कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड के पक्ष में देय हो, निविदा की टैक्नीकल बिड के साथ सलंग्न करना आवश्यक है । पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा फार्म सीलबंद लिफाफे में दिनांक 16.08.2019 को दोपहर 2.00 बजे तक शाखा कार्यालय में पहुँचना अनिवार्य है । महा-प्रबन्धक को संबोधित निविदा आवेदन के लिफाफे पर फसल वर्ष 2019-2020 में कपास की गांठों के भण्डारण हेतु गोदाम किराये पर लेने हेतु निविदा लिखा होना चाहिये । प्राप्त निविदा दिनांक 16.08.2019 को साँय 3.00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

महा-प्रबन्धक

Last Date for issue of tender 16.08.2019 upto 12.00 PM

Last date for submission of tender 16.08.2019 upto 2.00 PM

Technical Bid – I

TENDER APPLICATION FORM FOR HIRING OF PRIVATE GODOWNS CROP YEAR 2019-2020

1	Full Name of the Godown	
2	Full address of Godown Tel. No/Mobile No./E-mail ID	
3	Name of the owner (In case of proprietor)	
4	In case of company/firm then name of Director / partner with mobile no.	
5	Whether the firm is registered as MSME	Yes / No (if yes, please attach concerned valid certificate)
6	If yes, then specify UAM No.	
7	If MSME under SC/ST category	Yes / No (if yes, please attach concerned valid certificate)
8	Whether the Godown is under Startup category	Yes / No (if yes, please attach concerned valid certificate)
9	PAN number (Attach copy Mandatory)	
10	GST registration No. (If registered) (Attach copy)	
11	Name of the location / place of Godown	
12	Distance from the nearest our purchase centre	
13	Distance from the Highway	
14	Distance from the Main road	----------Kms.
15	Approach Road	Kachcha / Pakka

…2/-

16	Bank Detail	Name of the Bank---------- Account Number---------- IFSC Code---------- Branch----------
17	Fire Fighting Arrangements :	
	Availability of fire extinguishers	(Yes/No) if yes, Total No.----------
	Availability of sand buckets	(Yes/No) if yes, Total No.----------
	Availability of water drums	(Yes/No) if yes, Total No.----------
	Hydrants	(Yes/No) if yes, Total No.----------
	Bore well	(Yes/No)
18	Other sources of water supply (If yes, Capacity of tank)	
19	Situation of Godown Within Municipal Area	Yes / No
20	Floor of Godown	Pakka / Kacha
21	Roofs of Godown	Cemented / Cemented Sheets / Tin Sheets Others, specify ----------
22	Distance from fire brigade Office (approx)	
23	CCTV Camera available No. of Camera / Location	Yes / No Total No.----------Location----------
24	Storage capacity offered to CCI for storage (in cotton bales) (One bale can be accommodated in 2.5 sq. ft. approx)	Total Capacity :----------in cotton bales No. of compartments---------- Capacity offered to CCI----------(In bales)
25	Whether stack Plan attached & Sketch of the Godown Location	
26	Detail of tender fees (Incl. GST)	DD No.----------Date----------Amt.Rs.112/-

I hereby declare that the above mentioned godown/s is free from any kind of bank liability / bank default. All the above details are true to the best of my knowledge and accept all terms & conditions of tender.

Date :
Place :

Authorized Signatory
Stamp and Seal

Financial Bid – II

Tender form for hiring of private Godown to store F.P.Bales

Godown Name & complete address :----------

Sr. No	Particular	Capacity of godown		Rate Per Bale Per Month (In Rs.)
		Size (In Sq. Meter)	In bales	
01	Fully Pressed Cotton Bales			

Note : Above rates are including all the taxes and excluding GST.

I / We hereby undertake to abide by all the terms and conditions of this tender. I am ready to give the godown/s mentioned in technical Bid – I at the above rates to the Corporation for cotton season 2019-2020 (01.10.2019 to 30.09.2020 or till the stock lasts). As provided in the terms, I shall sign the written agreement for execution of all assigned to me by the Corporation.

Date :

Place :

Signature of the Godown owner

Name----------

Father's Name----------

Address for correspondence

भारतीय कपास निगम लि0

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Government of India Undertaking)
(Website : texmin.nic.in)

161-162, सेकेण्ड फलोर, केयर जोन प्लाजा
मेन सेक्टर,शास्त्रीनगर,भीलवाड़ा (राजस्थान) ।

161-162, 2nd Floor Care Zone Plaza
Main Sector,Shastri Nagar,Bhilwara (Rajasthan)
Tel No: 01482-251326 / 252766 Fax No : 01482 - 250506
Website: www.cotcorp.org.in. E-Mail: bhilwara@cotcorp.com

भा.क.नि. CCI

सूचना का अधिकार

नियम एवं शर्तें

1. निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरा होना चाहिये तथा टेण्डर विधिवत रूप से हस्ताक्षरित कर निविदा फार्म मोहरबंद लिफाफे में शाखा प्रबन्धक,भीलवाड़ा को सम्बोधित होना चाहिये ।
2. निविदा फार्म भारतीय कपास निगम लि0 की वेबसाइट www.cotcorp.org.in और सरकारी वेबसाइट https://eprocure.gov.in से डाऊनलोड अथवा हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस / कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है । दिनांक 16.08.2019 को 12.00 बजे तक निविदा वितरित किये जायेंगे एवं उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे तथा प्राप्त निविदाएँ उसी दिन दोपहर 3.00 बजे उपस्थित पार्टियों के समक्ष खोली जायेंगी । निर्धारित दिनांक एवं समय के उपरान्त कोई भी निविदा निगम द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. निविदाकर्ता द्वारा टेण्डर दो अलग-अलग लिफाफों में निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत करनी होगी ।
   - लिफाफा-1 (Envelop – 1) : लिफाफे में पूर्ण रूप से भरी हुयी टैक्नीकल बिड-1 तथा संबंधित दस्तावेज, निविदा शुल्क का ड्राफट (रूपये 112/-) एवं नियम एवं शर्तें हस्ताक्षरित कर सलंग्न हों ।
   - लिफाफा - 2 (Envelop – 2) : लिफाफे में Financial Bid – II जिसमें गोदाम हेतु रेट दिये हों ।
   - लिफाफा - 3 (Envelop -3) तीसरे लिफाफे में उपरोक्त दोनों लिफाफे 1 एवं 2 डालें । उसी लिफाफे में सीलबंद करके लिफाफे पर स्पष्ट रूप से लिखें "रूई की गांठों के भण्डारण हेतु गोदाम किराये हेतु निविदा वर्ष 2019-2020" और केन्द्र का नाम अवश्य लिखें ।
4. गोदाम तक आवागमन हेतु proper approach road को होना आवश्यक है ।
5. गोदाम के फर्श की ऊंचाई सड़क के लेवल से ऊंची होनी आवश्यक है ताकि उसमें वर्षा का पानी न जाने पाये तथा पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये तथा छतों से पानी का रिसाव नहीं होना चाहिए । अगर रिसाव होता है तो मालिक द्वारा तुरन्त मरम्मत करवाना आवश्यक होगा ।
6. गोदाम के फर्श पक्के होने चाहिये ।
7. गोदाम सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिये एवं रूई की गांठों हेतु storage worthy होना चाहिये ।
8. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में दर्शायी गयी दरें सभी करों सहित परन्तु जीएसटी के बिना (Excluding GST) प्रति गांठ प्रति माह के आधार पर होनी चाहिये ।
9. गोदाम की दरें 01.10.2019 से 30.09.2020 या स्टॉक रहने तक की अवधि के लिये मान्य होंगी ।
10. जिस पार्टी का गोदाम निगम द्वारा निर्धारित प्रारूप में अनुबंधित किया जायेगा उस पार्टी द्वारा 500/- के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध हस्ताक्षर कर देना होगा ।

...2/-

11. गोदाम मालिक को किराये का भुगतान बिल प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर किया जायेगा । बिल गोदाम मालिक द्वारा केन्द्र प्रभारी द्वारा सत्यापित कराते हुए मासिक आधार पर प्रस्तुत किया जायेगा । पार्टी द्वारा अपनी बैंक डिटेल दी जायेगी जिसमें किराये का भुगतान RTGS/NEFT द्वारा किया जायेगा । किराये का भुगतान करते समय लागु आयकर व अन्य कोई भी कर जो सरकार द्वारा लागु होता है उसकी निगम द्वारा कटौती की जायेगी ।
12. गोदाम केवल हमारे अधिकृत अधिकारी द्वारा निरीक्षण के बाद ही फाईनल किये जायेंगे, जिसकी सूचना पत्र या दूरभाष द्वारा मालिकों को दी जायेगी । गोदामों का चयन रूई की गांठों भण्डारण हेतु उपयुक्तता को देख कर किया जायेगा ।
13. गोदाम अनुबन्ध के पश्चात गोदाम के निरीक्षण के लिये शाखा कार्यालय के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर दौरा किया जायेगा । उक्त समय में यदि किसी प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो गोदाम मालिक को तदानुसार अविलम्ब आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करनी होगी ।
14. गोदाम सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी के साथ-साथ Lock & key की व्यवस्था भी कम्पनी/पार्टी की होगी । गोदाम की एक चाबी (key) गोदाम उपलब्ध कराने वाली पार्टी/कम्पनी एवं एक चाबी निगम के अधिकार में रहेगी । यदि Management Basis पर CWC / RSWC को नियुक्त किया जाता है तो Lock & Key उनकी रहेगी । गोदाम के अंदर गांठें भण्डारित करते समय स्टेकिंग प्लान निगम के प्रतिनिधि द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा ।
15. गोदाम में भण्डारित निगम के स्टॉक का रिकार्ड रखने का उत्तरदायित्व गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी को होगा एवं पार्टी/कम्पनी को निगम के स्टॉक के आवक एवं जावक का भी रिकार्ड रखना होगा एवं दैनिक/पाक्षिक/मासिक आधार पर एक प्रति निगम को भेजनी होगी ।
16. गोदाम प्रांगण में CCTV कैमरा होना अनिवार्य है ।
17. प्रस्तावित गोदाम में हमारे निगम के कर्मचारी/सिक्यूरिटी गार्ड के लिये आवश्यकतानुसार उचित बैठक की व्यवस्था होनी चाहिये ।
18. गोदाम में कम से कम निम्न अग्निशमन व्यवस्था आवश्यक है (जिसे गोदाम में भण्डारित गांठों की संख्या के आधार पर बढ़ाया जा सकता है)
    1. प्रत्येक दरवाजे पर एक Fire Extinguisher होना अनिवार्य है ।
    2. प्रत्येक दरवाजे पर पानी से भरे ड्रम 2 नग (बाल्टी के साथ) तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था ।
    3. रेत से भरी बाल्टी 4 नग ।
    4. हाईड्रेन्ट व कुंआ/बोरवेल को अतिरिक्त सुविधा मानी जायेगी एवं इन सुविधाओं वाले गोदाम को प्राथमिकता दी जायेगी ।
19. गोदाम में भण्डारित गांठों का बीमा निगम द्वारा ही लिया जायेगा लेकिन गोदाम की इमारत एवं इससे संबंधित फिटिंग्स आदि का बीमा करवाने की जिम्मेदारी गोदाम मालिक की रहेगी ।
20. गोदाम का किराया गांठों के भण्डारण तिथि से ही शुरू होगा तथा गांठों का किराया गोदाम में भण्डारित स्टॉक की वास्तविक अवधि के लिये देय होगा ।
21. गोदाम में किसी प्रकार के विधुत कनेक्शन नहीं होने चाहियें साथ ही गोदाम की सभी खिड़कियों में जाली का लगा होना आवश्यक है ।

...3/-

22. गोदाम के चारों तरफ की कंपाउण्ड वाल होनी चाहिये ।
23. गोदाम में पानी इत्यादि इकठ्ठा होने पर उसके निकासी की व्यवस्था गोदाम के मालिक को ही करवानी होगी ।
24. गोदाम में अगर गांठों आवागमन के कारण यदि गोदाम प्रांगण को कोई क्षति होती है तो निगम की कोई जिम्मेदारी नहीं हागी ।
25. जिन केन्द्रों/स्थानों के लिये गोदाम किराये पर लिये जाने हैं उनकी सूची निविदा सूचना में दी गयी है ।
26. गोदाम मालिक की कोई भी अतिरिक्त शर्त निगम को स्वीकार नहीं होगी ।
27. निविदाकर्ता को निगम न्यूनतम कार्य देने हेतु बाध्य नहीं है । कार्य आवंटन केवल आवश्यकता के आधार पर ही दिया जायेगा ।
28. गोदाम पर यदि किसी प्रकार की देयता या कोई बैंक ऋण इत्यादि शेष है या इसके अतिरिक्त विधि मामला गोदाम पर लंबित है तो निगम उस मामले या देयता के लिये किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा ।
29. Dunnage की व्यवस्था तथा गोदाम में प्रतिदिन साफ-सफाई की व्यवस्था गोदाम मालिक/पार्टी की होगी जिसके लिये उचित श्रमिक की व्यवस्था करनी होगी जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी ।
30. अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गोदामों के निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण रिकार्ड से संबंधित दैनिक एवं मासिक रिकार्ड का प्रमाण पत्र देना होगा ।
31. किसी भी निविदा को पूर्णत: या अंशत: अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है और परिस्थितियों को देखते हुए निगम उपरोक्त नियम एवं शर्तों पर पुन: विचार कर सकता है ।
32. मध्यस्थता : इस संविदा से संबंधित कोई विवाद उठता है तो यह विवाद मध्यस्थता के लिये किसी मध्यस्थ (जो निगम का कोई कर्मचारी नहीं होगा) को सौंपा जायेगा । मध्यस्थ की नियुक्ति संबंधित शाखा प्रबन्धक द्वारा की जायेगी एवं मध्यस्थ का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । मध्यस्थ को मध्यस्थता एवं समाधान अधिनियम 1996 तथा उसके बाद किसी सांविधिक पुन: अधिनियम तथा संशोधन के प्रावधान के अनुसार नियंत्रित और आयोजित किया जायेगा ।
33. इस निविदा के बाहर तथा इससे संबंधित किसी प्रकार का विवाद उठता है तो यह माना जायेगा कि वाद भीलवाड़ा के क्षेत्राधिकार में उठाया गया है ।

<u>मैंने नियम एवं शर्तें पढ़ ली हैं, जो मुझे मान्य हैं ।</u>

निविदाकर्ता / गोदाम मालिक का नाम तथा हस्ताक्षर

स्थान :

दिनांक :